मेरे खाटू के श्याम मेरे बन गए सारे काम

मेरे खाटू के श्याम मेरे बन गए सारे काम,
कैसे करू बाबा तेरा शुक्रियां,

जो भी माँगा मैंने तुझसे तूने मेरी झोली है भरी,
तूने मेरी अर्जी सुनी इक पल भी न देरी करी,
तुझको जपके सुबहो श्याम मैंने पाया है विश्राम,
कैसे करू बाबा तेरा .....

जब से तेरी भक्ति है की खुशियां मिली है बेशुमार,
बेगाने भी अपने बने है इतना मिला है तुमसे प्यार,
मेरे मिट गए कष्ट तमाम जबसे आई तेरे धाम,
कैसे करू बाबा तेरा .....

जग ने सताया जब मुझे तूने ही तो सहारा है दिया,
कोई भी कमी न रखी घर इक प्यारा सा दिया,
मेरे निकले जब प्राण मुख से निकले गोविन्द नाम,
कैसे करू बाबा तेरा .....

https://alltvads.com/bhajan/lyrics/id/6841/title/mere-khatu-ke-shyam-mere-ban-gaye-sare-kaam-kaise-karu-tera-shukariya

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |